शुष्क वन अनुसंधान संस्थान द्वारा "प्रकृति" कार्यक्रम के तहत केंद्रीय विद्यालय में संभाषण कार्यक्रम आयोजित (दिनांक 20/12/18)

1. "प्रकृति " कार्यक्रम के तहत दिनांक 20/12/18 को केंद्रीय विद्यालय बी.एस.एफ. , जोधपुर कक्षा 10 तथा 11 (विज्ञान एवं वाणिज्य वर्ग) के 42 विद्यार्थियों को शुष्क वन अनुसंधान संस्थान , जोधपुर के विस्तार प्रभाग के प्रभागाध्यक्ष , श्री उमाराम चौधरी , भा.व.से. द्वारा "वृक्षों से प्रत्यक्ष एवं परोक्ष लाभ तथा पर्यावरण संरक्षण" विषय पर संभाषण देते हुए वृक्षों की महत्ता , उनसे होने वाले प्रत्यक्ष एवं परोक्ष लाभ एवं पर्यावरण संरक्षण की महत्ता बताई। श्री चौधरी ने विद्यार्थियों को पौधा लगाने की तकनीक की भी जानकारी दी। संस्थान का प्रचार-प्रसार साहित्य भी प्राचार्य डॉ. एम. एस. उस्मानी को उपलब्ध करवाया गए।

2. दिनांक 20/12/18 को ही "प्रकृति" कार्यक्रम के तहत केंद्रीय विद्यालय, आई. आई. टी. जोधपुर के कक्षा 8 व 9 के 55 विद्यार्थियों को शुष्क वन अनुसंधान संस्थान के विस्तार प्रभाग के प्रभागाध्यक्ष श्री उमा राम चौधरी, भा.व.से. द्वारा "वन एवं पर्यावरण संरक्षण" विषय पर संभाषण देते हुए वृक्षों से होने वाले प्रत्यक्ष एवं परोक्ष लाभ बताए तथा वन एवं पर्यावरण संरक्षण की महत्ता बताई। श्री चौधरी ने पौधरोपण तकनीक की भी जानकारी विद्यार्थियों को दी। प्राचार्य डॉ. सरोज डबास को संस्थान का प्रचार प्रसार साहित्य भी उपलब्ध कराया गया।